आकाशवाणी श्री विजयपुरम
दिनांक : 24.03.2025
समय : 0705

<><><><><><><>

- आज विश्व तपेदिक दिवस है।
- विश्व टीबी दिवस के अवसर पर द्वीपों के उपराज्यपाल ने कहा टीबी के लिए वैश्विक प्रयास जरूरी है।
- दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू होगा।
- भारत ने इग्लैण्ड में पुरूष और महिला कब्बडी विश्व कप खिताब जीता।

<><><><><><><>

आज विश्व तपेदिक दिवस है। टीबी के हानिकर स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक परिणामों के बारे में जागरूकता लाने और वैश्विक स्तर पर इसके उन्मूलन के प्रयास तेज करने के लिए प्रत्येक वर्ष आज ही के दिन चौबीस मार्च को यह दिवस मनाया जाता है।

इस वर्ष की थीम है ''हां, हम क्षय रोग का खात्मा कर सकते हैं: प्रतिबद्धता, निवेश और परिणामी प्रयास ''। यह थीम तपेदिक उन्मूलन के लिए जारी प्रयासों की समीक्षा करने तथा स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दवा प्रतिरोधी टीबी के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध होने का अवसर देती है। टीबी दिवस के अवसर पर द्वीपसमूह में भी जागरूकता बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय स्वारूथ्य मिशन द्वारा विभिन्न गतिविधियां चलाई जा रही है। इस अवसर पर राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के संयुक्त निदेशक डॉ. आर पी लाल ने कहा कि टीबी ऐसी बीमारी है, जो लोगों को काफी प्रभावित करती है। इसलिए पूरा विश्व इस बीमारी को समाप्त करने पर जोर दे रहा है।

<><><><><><><>

विश्व टीबी दिवस के अवसर पर द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने कहा कि यह दिवस टीबी महामारी को समाप्त करने के वैश्विक प्रयासों को बढ़ावा देने के साथ–साथ टीबी के महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सामाजिक और आर्थिक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढाने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में कार्य करता है। टीबी एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई है, जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभवित करती हैं इसलिए जरूरी है हम इस सामुहिक लडाई में सामुदायों, संगठनों, स्वास्थ्य सेवा कर्मियों

और नागरिकों को समान रूप से शामिल करे। स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना, देखभाल तक पहुंच में सुधार करना टीबी मुक्त भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ मिलकर हम अपने द्वीपों और उससे आगे टीबी उन्मूलन में महत्वपूर्ण प्रगति कर सकते हैं।

<><><><><><><>

दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू होगा और अट्ठाईस मार्च तक चलेगा। आवश्यकता पड़ने पर सत्र की अवधि बढ़ाई जा सकती है। आज सदन में दिल्ली परिवहन निगम के कामकाज के बारे में नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट पेश की जाएगी। वित्तीय वर्ष 2025–26 का बजट सदन में कल प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें इस वर्ष के लिए सरकार की वित्तीय प्राथमिकताओं और विकास एजेंडे का ब्योरा होगा। सत्र के दौरान प्रमुख वित्तीय और नीतिगत मुद्दों पर चर्चा होगी और इन पर निर्णय लिए जाएंगे। बुधवार को वित्तीय आवंटन और नीतिगत पहल के विश्लेषण के लिये विस्तृतत विचार विमर्श होगा। प्रस्तावित बजट सदन में बृहस्पतिवार को पारित किया जायेगा।

<><><><><><><>

प्रशासन के संस्कृति विभाग द्वारा मेगा बुक फेयर का आयोजन किया जाएगा, आई टी एफ ग्राउंड में आयोजित यह मेला एक से दस अप्रैल तक चलेगा। यह मेला पुस्तक प्रेमियों के लिए एक सुनहरा अवसर होगा, जहां वे विभिन्न विषयों पर आधारित किताबे खरीद और पढ़ सकेंगे। इस मेले में विभिन्न प्रकाशकों द्वारा लगभग चालीस स्टॉल लगाए जाएंगे। यह आयोजन शिक्षा साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा हैं। इस अवसर पर विभिन्न साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें लेखक संवाद, पुस्तक विमोचन और वाचन सत्र जैसी गतिविधियां शामिल होगी। प्रशासन ने स्थानीय लोगों से अधिक संख्या में इस पुस्तक मेले में भाग लेने की अपील की है।     उधर, जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में आज आधुनिक भारत के निर्माता थींम पर एक दिवसीय ''पुस्तक प्रदर्शनी'' का आयोजन किया जाएगा। चिन्मय मिशन के आचार्य स्वामी शुद्धानन्द सरस्वती इस प्रदर्शनी का उद्‌घाटन करेंगे। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. हेमन्त कुमार शर्मा सम्माननीय अतिथि होंगे। इस प्रदर्शनी में सभी विषयों से जुड़ी पुस्तको का प्रदर्शन किया जाएगा। विद्यार्थियों के लिए ''पुस्तकों का हमारे जीवन में महत्व'' विषय पर भाषण प्रतियोगिता और पुस्तक समीक्षा प्रतियोगिता भी रखी गई हैं। इस अवसर पर जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के पुस्तकालय प्रभारी डॉ. कंडी मुत्थु ने कहा–

<><><><><><><>

भारत ने इग्लैंड में पुरूष और महिला कबड्डी विश्वकप खिताब जीत लिए हैं। पुरूष टीम ने फाइनल में इग्लैंड को चौवालिस–इकतालिस से हराया। इससे पहले, भारतीय महिला टीम ने भी फाइनल में चौंतीस के मुकाबले सतावन अंक से इंग्लैंहड को मात दी। भारत में पहली बार एशिया से बाहर इंगलैंड के वेस्ट मिडलैंड्स में आयोजित इस टूर्नामेंट में शीर्ष कबड्डी टीमों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

अण्डमान एवं निकोबार राज्य विधि सेवा प्राधिकरण ने कल फरारगंज स्थित समाज कल्याण निदेशालय के बाल निकेतन परिसर में ''बाल देखभाल एवं संरक्षण'' पर विधि जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके कानूनी अधिकारो, सुरक्षा एवं उपलब्ध सुरक्षा प्रणाली के बारे में जागरूकता बढाना था। कार्यक्रम में कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और किशोर न्याय समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति सौमेन सेन, कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायधीश व द्वीपसमूह के क्षेत्रीय न्यायधीश अपर न्यायमूर्ति राजाबसू चौधरी भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

विश्व टीबी दिवस के अवसर पर कार्बाइंस–कोव में रेत कला प्रतियोगिता आयोजित करने के समाचार को द्वीप समाचार ने पहले पन्ने के निचले भाग में सचित्र प्रकाशित किया हैं। अखबार ने विदेश मंत्री के उस बयान को भी प्रमुखता से प्रकाशित किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि आने वाले दशको के लिए उर्जा, सुरक्षा सुनिश्चित करना भारत की कूटनीति का एक प्रमुख उद्देश्य हैं। द डेली टेलीग्राम्स ने ऑयल इंडिया को इस बार बडी सफलता मिलने की उम्मीद के समाचार को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अखबार ने ज़िला स्तरीय खेल–कूद प्रतियोगिता–2025 के संपन्न होने के समाचार को भी अंतिम पन्ने में जगह दी है। द्वीपो ंके सांसद ने वित्त मंत्री निर्मला सीता रमन से मुलाकात करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने अपनी पहली हेडलाइन बनाया है। इंफो इंडिया ने होमियोपैथी स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के समाचार को प्रथम पृष्ठ में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>